हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

12 पोर्टल पर फसल का पंजीकरण व ट्रैकिंग कर सकते हैं किसान...



12 जनगणना 2027 : स्व-गणना के लिए 16 अप्रैल से खुलेगा पोर्टल...



## खबर संक्षेप

### जिला में एलपीजी की कालाबाजारी पर सख्ती

**फतेहाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए गठित टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक की कार्रवाई में 91 घरेलू व कमर्शियल सिलेण्डर अनुचित प्रयोग में उपयोग करते हुए पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। प्रशासन द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### हंसावाला में जूडो नर्सरी ट्रायल आज शाम 4 बजे

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार की खेल नर्सरी योजना के तहत ग्राम पंचायत हंसावाला में जूडो नर्सरी को मंजूरी मिल गई है। क्षेत्र के युवा खिलाडियों के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। गांव की सरपंच प्रियंका देवी ने बताया कि इस नर्सरी के लिए चयन प्रक्रिया यानी ट्रायल का आयोजन 3 अप्रैल को शाम 4 बजे जूडो क्लब के ग्राउंड हॉल में किया जाएगा। इस योजना की खास बात यह है कि चयनित होने वाले खिलाडियों को सरकार की ओर से मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में रतिया के युवक की मौत

**रतिया।** तहसील परिसर के सामने फोटो स्टेट का काम करने वाले युवक हरीश की आज तडक़े सुरेवाला चौक उकलाना में सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई व गाड़ी में सवार दूसरा युवक अनिल गंभीर घायल हो गया। घायल अनिल का फतेहाबाद के निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है तथा मृतक युवक हरीश का बेटा विदेश में होने के चलते उसका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह उसके बेटे के आने के बाद किया जाएगा।

### चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि हंसराज मराठी पुत्र हरिचंद निवासी बस्ती भीमा, फतेहाबाद ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में हंसराज ने बताया कि उसकी लाल बत्ती चौक स्थित आरके ऑटो गैराज नामक दुकान का ताला तोडक़र अज्ञात व्यक्ति सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर तथा गल्ले में रखी लगभग 7000 रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** जिला के गांव गिंदड़ा-घोडांवाली के बीच दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई।

## किसानों को साथ लाना होगा पोर्टल का पंजीकरण नंबर

# गेहूं के सीजन तक अनाज मंडी में धान की आवक पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

**मौसम के चलते 15 अप्रैल के बाद गेहूं आने की उम्मीद**

प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं की विधिवत सरकारी खरीद शुरू हो गई। हालांकि मौसम में बदलाव के चलते मण्डियों में 10 अप्रैल से पहले गेहूं आएगा, इसकी उम्मीद अभी कम है लेकिन मार्किट कमेटी ने गेहूं की खरीद के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। माना जा रहा है मंडियों में गेहूं 15 अप्रैल से पहले नहीं आएगा। आज से मण्डी में धान की आवक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा व्यापार मंडल ने मण्डियों में किसानों व मजदूरों के लिए 6 वॉटर कूलर, 6 पेयजल टंकियां और दो शौचालयों की व्यवस्था की गई है। इन शौचालयों व टंकियों को साफ-सफाई कर बकायदा सफाई की तारीख भी इन पर अंकित की गई है। किसानों के आराम के लिए किसान विश्राम गृह को भी खोल दिया गया है। फरवरी व मार्च माह में तापमान में बढ़ोतरी व अब ठंडक पडऩे के चलते गेहूं की फसल को पकने में अभी 10 से 15 दिन का समय लगेगा। मण्डियों में लाने वाले किसानों व मजदूरों को कोई परेशानी न आए, इसके लिए मार्किट कमेटी ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। फतेहाबाद अनाज मण्डी में आने वाले किसानों, मजदूरों की प्यास बुझाने के लिए व्यापार मंडल द्वारा 6 वाटर कूलर लगाए गए हैं। 6 प्याऊ का पुर्ननिर्माण किया गया है। इसके अलावा 2 शौचालयों की मुरम्मत कर साफ-सफाई करवाई गई है। अनाज मण्डी के प्याऊ पर साफ-सफाई की तारीख भी अंकित की गई है ताकि इनकी पुनः समय पर सफाई करवाई जा सके। मार्किट कमेटी सचिव अमित कुमार ने सभी आढ़तियों को सर्कुलर जारी कहा है कि वह अपने किसानों से मण्डी में धान न लाने के लिए कहें। आज भी मण्डी में धान न आने से साफ-सफाई नजर आई। मण्डी में धान का घास-फूस उठाने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा साफ-सफाई भी चल रही है। मण्डी के शैड भी खाली करवाने के लिए बोल दिया गया है ताकि किसानों को फसल रखने और धूप से बचाव के लिए शैड में बैठने में कोई दिक्कत न आए।





फतेहाबाद। मण्डी में किसानों-मजदूरों के लिए बने गए प्याऊ, मण्डी से घास-फूस उठाने के काम में लगी जेसीबी व गेहूं सीजन के चलते साफ-सुथरी सडक़ें।

### किसानों के रहने-खाने की पूरी व्यवस्था

किसानों को रात्रि आराम करने में दिक्कत न आए, इसके लिए अनाज मण्डी के पीछे किसान विश्राम गृह को खोल दिया गया। अब कोई भी किसान वहां जाकर रह सकता है। किसान विश्राम गृह में बकायदा चौकीदार तैनात है। यहां रहने व पेयजल का पूरा इंतजाम है। इसके अलावा किसानों, मजदूरों के लिए अटल कैंटीन में सस्ते भोजन की भी व्यवस्था की गई है।

### फसल बेचने के लिए गेट पास कटवाना जरूरी

जिन किसानों का मेरी फसल-मेरी ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होगा, केवल वही किसान ही सरकार को अपनी फसल एमएसपी पर बेच पाएगा। किसान को पंजीकरण नंबर साथ लाना होगा। किसान जब मण्डी में फसल लेकर आएगा तो सबसे पहले उसे अनाज मण्डी गेट पर ट्रैक्टर का फोटो करवाना होगा। इसके बाद मार्किट कमेटी से गेट पास कटवाना होगा। गेट पास दिखाकर ही आढ़ती सरकारी एजेंसी को उसकी फसल बेच पाएगा। इसकी कम्प्यूटर में एंट्री के बाद खरीद एजेंसी के पास किसान का ब्यौरा पहुंच जाएगा। इसी एंट्री के आधार पर ही सरकार किसान की गेहूं की फसल का भुगतान करेगी।

-**अमित रोहिल्ला**, सचिव मार्किट कमेटी फतेहाबाद



फतेहाबाद। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल।

# मुआवजे और गेहूं खरीद की शर्तों के खिलाफ प्रदर्शन

- अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सैकड़ों किसान लघु सचिवालय पहुंचे, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे तथा गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद में लगाई गई नई शर्तों के विरोध में जिले के किसानों ने हुंकार भरी। अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सैकड़ों किसान फतेहाबाद के लघु सचिवालय पर एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे किसानों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ कुदरत की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है, वहीं दूसरी तरफ सरकार खरीद प्रक्रिया में पेचीदा शर्तें लगाकर उनका शोषण कर रही है। प्रदर्शन के बाद किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम से मुलाकात की और मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर मनीष गोरखपुरिया, मा. हनुमानसिंह, संजीव पूनियां, सतबीर सिंह, रोहताश डूडी, मांगेराम, भगवान कुकणा, सुभाष भादू, अभय सिंह गोदारा, किशोरी लाल, मनीराम, हवा सिंह, मुकेश कुमार जांगू, अजय सिंह, अनिल कुमार, मदन माचरा आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख मांगें

किसानों ने अपने मांग पत्र के माध्यम से प्रशासन के सामने निम्नलिखित मुद्दे रखे। किसानों ने कहा कि बीमा कंपनियों द्वारा प्रीमियम काटने के बावजूद किसानों को क्लेम नहीं दिया गया है। साथ ही, जलभराव से प्रभावित गांवों विशेषकर जांडवाला बागड़ व अन्य के किसानों का बकाया मुआवजा तुरंत जारी किया जाए। सरसों और गेहूं की खरीद पर लगाई गई नई और जटिल शर्तें तुरंत हटाई जाएं और पहले की तरह सरल प्रक्रिया से खरीद शुरू की जाए। सरसों और गेहूं की फसल पर किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाए। मंडियों में सरकारी लैब और मार्केट कमेटी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों की तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा पोर्टल खोला जाए।

# उत्साह से शुरू हुआ शैक्षणिक सत्र

- दाखिला अभियान के लिए अनाउंसमेंट वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय चत्तरगढ़पट्टी में नव शैक्षणिक सत्र 2026 की शुरूआत मेगा पीटीएम, नामांकन अभियान शुभारंभ और वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह के साथ उल्लासपूर्ण वातावरण में की गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उमड़े। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा आदि मौजूद रहे।




सिरसा। वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना करते। *फोटो : हरिभूमि*

### परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

इस दौरान बाल वाटिका के प्रवेशोत्सव का भी रंगारंग आयोजन हुआ। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष अतिथियों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं एवं जगदीश चोपड़ा ने दाखिला अभियान के लिए अनाउंसमेंट वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सुमन कंबोज, सुमन कुमारी, सोनिया कटारिया, रामनिवास, विनिता, नीति कौशिक, सुरेश कुमार, संतोष सेठी, सुनीता रानी, संगीता मलिक, सुमन लांबा, कविता शर्मा, उर्मिला सुनीता देवी, प्रीति बाला, कोमल रानी आदि मौजूद रहे।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा व धोखाधड़ी गिरोह पर कार्रवाई, आरोपी काबू

**रतिया।** जिला पुलिस द्वारा ऑनलाइन सट्टेबाजी व साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए रतिया ने मामले में तीसरे आरोपी को काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि एक अप्रैल को टोहाना रोड स्थित 'जिम डाइट चिकन कॉर्नर' पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी, जहां से दो आरोपियों सचिन कुमार पुत्र गिरधारी लाल निवासी बलियाला, हाल वार्ड नंबर 12 रतिया व तुषार कुमार पुत्र लीलाराम निवासी वार्ड नंबर 2 रतिया को काबू कर मोबाइल फोन व अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए थे।

# ट्रैक्टर-पिकअप में भिड़ंत, तीन घायल

- गांव दड़बा कलां के समीप सिरसा भादरा रोड पर हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

क्षेत्र के गांव दड़बा कलां के समीप सिरसा भादरा रोड पर वीरवार सुबह लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में पिकअप चालक व ट्रैक्टर चालक सहित तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगिरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दड़बा कलां में भर्ती करवाया, जहां से उन्हें सिरसा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीबन पांच बजे राजस्थान के हनुमानगढ़ जिला के गांव रामसरा से ट्रैक्टर चालक सिरसा में लकड़ी लेकर जा रहा था। वहीं सिरसा से हनुमानगढ़ जिला के गांव रामगढिया निवासी पिकअप चालक सिरसा से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही दोनों दड़बा कलां गांव के समीप पहुंचे। इसी दौरान पिकअप व ट्रैक्टर की जबरदस्त टक्कर हो गई।



सिरसा। हादसे में क्षतिग्रस्त पिकअप गाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

इस हादसे में दोनों चालक गंभ्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ट्रैक्टर व पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों की पहचान सोनू व राकेश निवासी गांव रामगढिया तथा राम सिंह निवासी गांव रामसरा राजस्थान के रूप में हुई है।

# 30 अप्रैल तक गांवों में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से कल 3 अप्रैल से गांवों में बिजली कटौती शुरू की जाएगी। किसानों द्वारा फसल कटाई का कार्य शुरू करने के चलते बिजली निगम ने यह एहतियाती कदम उठाए हैं। सभी एसडीओ कार्यालयों की ओर से ऐसे आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार, 3 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी एपी (AP) और आरडीएस (RDS) फीडरों को दिन के समय बंद रखा जाएगा। हालांकि, इन आदेशों के कारण ग्रामीण उपभोक्ताओं को परेशानी भी झेलनी पड़ेगी। बिजली निगम के भट्टू एसडीओ की ओर से भी ऐसे आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों में जानकारी दी गई है कि फसल कटाई के दौरान खेतों में मशीनों के उपयोग और सूखी फसल के कारण आग लगने की घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# बस न रोकने पर यात्रियों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर में रोडवेज की सिरसा डिपो की एसी बस को पंचायत भवन के पास नहीं रोकने पर यात्री ड्राइवर पर भडक़ गए। यात्रियों ने ड्राइवर-कंडक्टर पर काफी गुस्सा निकाला। हंगामा देखकर पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए। मामला बुधवार रात 11 बजे का है। सवारियों का तर्क था कि देर रात को बस शहर में आई है। ऐसे में उन्हें निर्धारित जगह पर न छोडऩे के कारण परेशानी झेलनी पड़ेगी। रात के समय न ऑटो मिल पाएगा और न ही घर दूर होने से वह पैदल जा सकेंगे। सवारियों ने कहा कि अगर हमारे साथ कोई हादसा हो गया, तो कौन जिम्मेदार होगा। हंगामा होता देख मौके पर पुलिसकर्मी भी आ गए।

### रात में सवारियों को परेशानी

मिली जानकारी के अनुसार सिरसा डिपो की बस दिल्ली रूट पर गई हुई थी। रात 10 बजे बाद हिसार बस स्टैंड से बस सिरसा के लिए रवाना हुई। बस में फतेहाबाद की भी 10-15 सवारियां सवार हो गई। सभी सवारियों को पुराने बस स्टैंड की टिकट दी गई। इसके बाद बस फतेहाबाद शहर में पहुंची तो ड्राइवर ने पंचायत भवन के पास नहीं रोकी। रात को करीब 11 बजे बस फतेहाबाद पहुंची थी, इसलिए ड्राइवर से पंचायत भवन के पास सवारियां उतारने का आग्रह किया गया था। मगर उसने कोई सुनवाई नहीं की। आखिरकार लालबत्ती चौक के पास सवारियों को उतारा गया।

# बुजुर्ग दंपती से लूट का चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने रानियां के वार्ड नंबर 10 में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के दिन चार युवक स्कूटी और बाइक पर सवार होकर एक ढाणी में पहुंचे और स्वयं को बिजली मिस्त्री बताकर घर में घुस गए। इसके बाद आरोपियों ने महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे एक मोबाइल फोन तथा लैपटॉप में रखी लगभग 8 से 9 हजार रुपए की नकदी लूट ली।



पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

# चचेरे भाई ने लोहे के पाइपों से पीटा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

क्षेत्र के गांव सुखमनपुर निवासी युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चचेरे भाई समेत दो लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने युवक पर लोहे की पाइपों से ताबड़तोड़ वार कर उसके हाथ और पांवों पर काफी चोटें मारी। घायल का अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इलाज चला। इसके बाद परिजन उसे सिरसा के प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां अभी भी वह उपचाराधीन है। घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ रतिया सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

### खेत में किया हमला

पुलिस को दिए बयान में गांव सुखमनपुर के रामपाल ने बताया कि 29 मार्च को वह अपने खेत से पशुओं के लिए चारा लाने के लिए रायपुर ढाणी रोड स्थित खेत में गया था। जब चारा काट रहा था, तो उसी समय दो बाइक पर सवार होकर पांच युवक खेत में आए। उसे आवाज लगाकर कहने लगे कि गुरप्रीत की मोटर कौन सी है। उसने जवाब दिया कि यहां गुरप्रीत की मोटर नहीं है। इसके बाद उसे पास बुला लिया। जैसे ही वह पास गया, तो युवकों ने लोहे की पाइप से हमला कर दिया।

## खेल

### सीडीएलयू में नॉर्थ जोन महिला खो-खो प्रतियोगिता का आगाज

# प्राचीन एवं आधुनिक इतिहास के आदर्शों से लें प्रेरणा : कुठियाला

- हनुमान जयंती की खिलाड़ियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला खो-खो प्रतियोगिता का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व कुलपति पत्रकारिता यूनिवर्सिटी भोपाल प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने किया। प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमें प्राचीन एवं आधुनिक इतिहास के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने हनुमान जयंती की खिलाडियों को बधाई दी और कहा कि हनुमान जी सफलता के आदर्श उदाहरण है। उन्होंने खिलाडि़यों को समर्पण एवं परिश्रम के साथ आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही एक बड़ी उपलब्धि है और सम्मान मिलना उसका छोटा परिणाम है। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि अनेक राज्यों की बेटियां इस प्रतियोगिता में बढ़-चढक़र भाग ले रही हैं। उन्होंने खिलाडि़यों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि दिशा और अनुशासन के सिद्धांतों को अपनाकर अपने लक्ष्य को सफल बनाना चाहिए। प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन से 32 टीमें भाग ले रही हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। कुलपति ने खिलाडि़यों को जीवन में सफलता के लिए 'फाइव सी' चरित्र, कुशलता, रचनात्मकता, करुणा और प्रतिबद्धता को अपनाने का संदेश दिया।



सिरसा। सीडीएलयू में खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

### खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए करें प्रेरित

*अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मीनू जून ने कहा कि खो-खो खेल आज के समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस खेल में भी रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. सुशील कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजकुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरिंदर सिंह, स्पोर्ट्स काउंसिल की अध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा, उपाध्यक्ष प्रो. अशोक मलिक सहित विश्वविद्यालय के सभी डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।*



बच्चो, तुमने अकसर अपने से बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा-एक तंदुरुस्ती हजार नियामत। यह सिर्फ कहावत नहीं है, अच्छी लाइफ जीने का सीक्रेट भी है। अच्छी लाइफ जीने के लिए हेल्दी होना बहुत जरूरी है। तभी तुम अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई कर सकोगे, खूब खेल सकोगे और बार-बार बीमार भी नहीं पड़ोगे। इसके लिए तुमको यहां बताई जा रही कुछ गुड हैबिट्स से दोस्ती करनी होगी।

# गुड हैबिट्स से करो दोस्ती
# हमेशा रहोगे हेल्दी-एनर्जेटिक

अवेयरनेस

रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे मनाया जाता है। पर क्या तुम यह जानते हो कि इसे क्यों मनाया जाता है? दरअसल, यह इसलिए मनाया जाता है ताकि दुनिया भर के लोग अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर रहें। इसके लिए गुड हैबिट्स को अपनाएं और बैड हैबिट्स से दूर रहें। तुम भी यहां बताई जा रही बातों को फॉलो कर हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हो।



**अपनाओ हेल्दी रूटीन:** अच्छी हेल्थ के लिए हेल्दी रूटीन अपनाना बहुत जरूरी है। कोशिश करो कि रोज रात में 10 से 10.30 बजे तक सो जाओ और सुबह 6-6.30 बजे तक उठो। 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी होती है। इससे तुम पूरे दिन एक्टिव, फ्रेश और एनर्जेटिक फील करोगे। अगर नींद पूरी नहीं होगी, तो पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, सुस्त महसूस करोगे और शरीर भी थका-थका लगेगा। अच्छी नींद के लिए सोने से लगभग एक घंटा पहले मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर देखना बंद कर दो, क्योंकि स्क्रीन की रोशनी नींद में रुकावट डालती है।

सुबह उठकर 5-10 मिनट ताजी हवा और हल्की धूप में टहलना, स्ट्रेचिंग या माइंडफुल डीप ब्रीदिंग करना भी बहुत फायदेमंद है। इससे तुमको स्वच्छ ऑक्सीजन और विटामिन-डी मिलेगा।

**पर्सनल हाइजीन का रखो ध्यान:** रोज नहाना, साफ ड्रेस पहनना और शरीर को साफ रखना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। साबुन से नहाने से शरीर पर जमा धूल, पसीना और कीटाणु साफ हो जाते हैं। गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए जरूरत हो तो गर्मी के दिनों दिन में दो बार भी नहा सकते हो। हफ्ते में 2 बार अच्छे से बाल धोना जरूरी है, ताकि गंदगी और पसीने से होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।

**रेग्युलर करो हैंडवॉश:** तुम्हें अपने हाथ नियमित रूप से, खासकर खाना खाने से पहले धोने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा न करने से हाथ में छुपे बैक्टीरिया खाने के साथ मुंह से शरीर में जा सकते हैं और तुमको बीमार कर सकते हैं। छींक-खांसी आने पर नाक-मुंह साफ करने के बाद, ट्वॉयलट के बाद, बाहर से आने के बाद हाथों को 40 सेकेंड के लिए साबुन लगाकर जरूर साफ करो और साफ तौलिए से पोछो। इससे हाथों के कीटाणु शरीर में नहीं जाते और बीमारियों से बचाव होता है।





**ओरल हाइजीन है जरूरी:** ब्रश और माउथवॉश से दांतों की क्लीनिंग, तुम्हारी डेंटल हाइजीन रूटीन का हिस्सा होना चाहिए। डेंटिस्ट भी दांतों की सफाई के लिए 2-2-2 का फार्मूला फॉलो करने के लिए कहते हैं। यानी दिन में 2 बार कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करो और साल में 2 बार अपने दांत डेंटिस्ट से जरूर चेक कराओ। कुछ भी खाने के बाद गार्गल जरूर करो। इससे मुंह साफ रहेगा और तुम्हारे दांत खराब नहीं होंगे। रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करो।

**हॉबीज को दो टाइम:** जहां तक हो सके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर कार्टून फिल्म या गेम्स खेलने से दूर रहो। कभी-कभी खेल सकते हो। इसके बजाय मेंटल शार्पनेस बढ़ाने वाले पजल गेम्स खेलना फायदेमंद है। अपनी रुचि के हिसाब से तुम पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस-म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग जैसी एक्टिविटीज की लर्निंग-क्लासेज जॉइन कर सकते हो। इससे तुम्हारी क्रिएटिविटी तो बढ़ेगी ही तुम हेल्दी और एक्टिव भी रहोगे।

**आंखों का रखो ध्यान:** आंखें हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए तुम्हें अपनी आंखों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही, गलत आदतों और समुचित देखभाल के अभाव में आई साइट कमजोर हो सकती है। कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को एडजेस्ट करो, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी न देखो। बीच-बीच में आंखों को रिलैक्स करो।

पढ़ने के लिए लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पढ़ते वक्त टेबल पर रखी बुक से आंखें 20 इंच या दो हाथ की दूरी होनी चाहिए। लगातार पढ़ने के बजाय 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर लो। इस ब्रेक में तुम आंखें बंद कर बैठो या आंखों के व्यायाम करो।

**खेलो आउटडोर गेम्स:** शाम को दोस्तों के संग कम-से-कम एक घंटा आउटडोर गेम्स खेलो। इन गेम्स से तुम फिजिकली स्ट्रांग तो बनोगे ही, इससे स्ट्रेस रिलीज होने के बाद स्टडी पर कंसंट्रेट भी कर पाओगे। तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। *

### रेग्युलर खाओ हेल्दी डाइट



**हेल्दी रहने** के लिए समय पर खाना बहुत जरूरी है। नाश्ता कभी मत छोड़ो, क्योंकि यही तुम्हें सुबह की ऊर्जा देता है। डिनर हमेशा सोने से 2-3 घंटे पहले कर लो ताकि खाना आसानी से पच सके। जल्दबाजी में या टीवी देखते हुए मत खाओ। खाना हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। दिन में 3 बड़े मील्स की बजाय 5-6 छोटे हेल्दी मील लेना ज्यादा अच्छा होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट ही खाओ। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिंस, फैट और कैल्शियम का प्रॉपर बैलेंस तुम्हारी डाइट में होना चाहिए। जंक या फास्ट फूड ज्यादा खाने से परहेज करो, यह बहुत नुकसानदायक होता है।

# अब तो चश्मा लगेगा

निम्मी को आंखों में तकलीफ हुई तो डॉक्टर ने कहा, मोबाइल ज्यादा देखने की वजह से उसकी आंखें कमजोर हो गई हैं, अब उसे चश्मा पहनना पड़ेगा। निम्मी यह सोचकर रुआंसी हो गई कि अब उसके फ्रेंड्स उसे चश्मिश कहेंगे। तो क्या सचमुच निम्मी की आंखों में चश्मा चढ़ गया?




छोटी कहानी

सिराज अहमद

निम्मी की आंखें आज जरा सुर्ख थीं। पहले तो उसने गौर नहीं किया, लेकिन जब उसे आंखों में किरकिरी और चुभन महसूस होने लगी, तो वह दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास पहुंची, बोली, 'मेरी आंखें लाल हो रही है। चुभन भी बहुत हो रही है।'

मम्मी ने ध्यान से देखा, बाईं आंख कुछ ज्यादा ही लाल थी। वह बिना देर किए निम्मी को घर के पास के आई क्लिनिक में ले गईं।



एआई इमेज

डॉक्टर साहब ने अपना चश्मा उतारकर निम्मी को देखा और भारी आवाज में पूछा, 'बेटा, क्या तुम मोबाइल बहुत देखती हो?' निम्मी एकदम खामोश हो गई। मम्मी ने उसकी ओर तिरछी नजरों से देखा और शिकायत भरे लहजे में बोलीं, 'बिल्कुल देखती है डॉक्टर साहब! मना करने पर तो जैसे इसके कान बंद हो जाते हैं।'

आंखों की कुछ जांच करने के बाद डॉक्टर साहब गंभीर होकर बोले, 'हूं, अब तो चश्मा लगाना पड़ेगा, वरना आंखें और भी कमजोर हो जाएंगी।'

'चश्मा, यह शब्द सुनते ही निम्मी के सब्र का बांध टूट गया। उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे। उसने सोचा, 'अब मेरे फ्रेंड्स तो मुझे चश्मिश कहकर चिढ़ाएंगे..! मैं कितनी बुरी लगूंगी!'

निम्मी को रोता देखकर मम्मी और डॉक्टर साहब, दोनों को बात समझ आ गई कि वह चश्मा नहीं लगवाना चाहती है। मम्मी ने उसे पुचकार कर चुप कराया।

तभी डॉक्टर साहब अचानक खिलखिलाकर हंस पड़े और बोले, 'अरे अरे निम्मी, मत रो! अभी चश्मा नहीं लगेगा। यह तो बस मामूली इंफेक्शन है, जो दवाई से ठीक हो जाएगा। लेकिन याद रखना, अगर मोबाइल देखना नहीं छोड़ा, तो जल्द ही आंखों पर चश्मा चढ़ जाएगा।'

यह सुनकर निम्मी की जान में जान आई। उसने फौरन अपनी सजल आंखों से मम्मी और डॉक्टर साहब की तरफ देखा और वादा किया कि वह अब मोबाइल से तौबा कर लेगी। सब कुछ ठीक ही था कि तभी उसे कुछ याद आया, वह दोबारा रोने लगी। मम्मी ने हैरान होकर पूछा, 'अब क्या हुआ निम्मी?' बड़ी मासूमियत से मुंह बिगाड़कर वह बोली, 'पर मैं वो कड़वी दवाइयां कैसे खाऊंगी?'

निम्मी की यह मासूम बात सुनते ही डॉक्टर और मम्मी, दोनों ठहाके मारकर हंस पड़े। डॉक्टर साहब ने हंसते हुए निम्मी के सिर पर हाथ फेरा और बोले, 'अरे बिटिया, आंख के इंफेक्शन के लिए कड़वी गोलियां नहीं, बल्कि ठंडी-ठंडी आई-ड्रॉप्स डालनी होती हैं। बस दो बूंद डालोगी, आंखों को तुरंत आराम मिलेगा।'

निम्मी के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। उसे खुश देखकर मम्मी को भी तसल्ली हुई। *

कविता / सृष्टि पांडेय

## तन स्वस्थ रखो

रोज सुबह व्यायाम करो,
आसन, प्राणायाम करो।
मन को अपने मस्त रखो,
करो योग, तन स्वस्थ रखो।

सब रोगों की सहज दवा,
ताजी ठंडी शुद्ध हवा।
दूर रहेगी बीमारी,
योग सभी पर है भारी।



## बूझो तो जानें



1 वजन उठाते बारी-बारी
पड़ते कभी न सुस्त।
हो निरोग देह तो ये भी
रहते हैं तंदरुस्त।।



2 बोझ बदन का ढोया करते
मन-ही-मन मुसकाते।
जीवन एक नाम चलने का
हमको हैं समझाते।।

3 शुद्ध अशुद्ध रक्त है इसमें
हर पल रहे धड़कता।
इसकी धड़कन के कारण ही
जीवन आगे बढ़ता।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.हाथ, 2.पैर, 3.हृदय



## जीके क्विज-199

1. आइपीएल के इतिहास की सबसे महंगी टीम कौन बन गई है?
2. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
3. विश्व धरोहर दिवस कब मनाया जाता है?
4. उत्तराखंड की राजधानी कहां है?
5. आगरा शहर की स्थापना किसने की थी?
6. जालियांवाला बाग किस राज्य में स्थित है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
9. ब्लू सिटी के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?
10. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?



बच्चो, जीके क्विज-199 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-198 का उत्तर:** 1. फिनलैंड, 2. ममता कालिया, 3. 7 अप्रैल, 4. बालेंद्र शाह, 5. महावीर, 6. आईएनएस अंजदीप, 7. असम, 8. जॉर्ज वॉशिंगटन, 9. 32, 10. रूस

**जीके क्विज-198 का सही उत्तर देने वाले:** रमाकांत-बिलासपुर, कबीर-हिसार, दिव्यांश-दुर्ग, अनुभव-राजनांदगांव, अनहद-बिलासपुर, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, संचित-बलौदा बाजार



कहानी

शोभना श्याम

निखुरी गिलहरी बहुत आलसी थी, उसे जो उल्टा-सीधा खाने को मिल जाता खा लेती, जबकि उसकी बहन चिखुरी मेहनत से स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खोजकर खाती। वह निखुरी को गलत भोजन करने से रोकती, लेकिन वह एक ना सुनती। एक दिन निखुरी की तबियत बुरी तरह बिगड़ गई, यह उसके लिए बहुत बड़ा सबक बना।

# चिखुरी और निखुरी



एआई इमेज

शहर के एक मोहल्ले में एक छोटा-सा पार्क है। कभी यह पार्क हरियाली से भरा रहता था। अब यहां हरियाली के नाम पर इकलौता सूखा-सा पीपल का पेड़ और टूट कर गिरा हुआ एक नीम का पेड़ है। यहां दो गिलहरी बहनें रहती हैं-चिखुरी और निखुरी। जहां चिखुरी खूब चुस्त और मेहनती है, वहीं निखुरी आलसी और कामचोर है।

चिखुरी प्रतिदिन सुबह उठते ही पार्क से बाहर निकल जाती थी। उसने पार्क के आस-पास ही लगे तरह-तरह के फलों और सब्जियों के पेड़ भी खोज रखे थे। उसका जिस दिन जो भी खाने का मन होता, वहीं जाती और छक कर खाती। कुछ फल-सब्जियां या बीज लाकर अपने घर में रख लेती थी। अमरूद, जामुन, मटर, फलियां, खरबूजे और अन्य फल, सब्जियों के बीज, बढ़िया-बढ़िया खाना खाने और दौड़-भाग करने के कारण चिखुरी की सेहत खूब अच्छी हो गई थी। फुर्तीली तो इतनी थी कि लोगों के सामने ही उनके पेड़ों से फल, सब्जी या फलियां तोड़ लेती और लंबी-लंबी छलांगें मारती निकल जाती, फिर दूर जाकर कभी छीलकर तो कभी कुतर-कुतर कर ऐसे मजे लेकर खाती जैसे उन्हें चिढ़ा रही हो।

उधर निखुरी को जो कुछ पार्क में मिलता, उसी को खाकर आराम करती रहती। एक बार चिखुरी ने निखुरी से कुछ अच्छा खाने के लिए अपने साथ पार्क से बाहर चलने के लिए कहा तो वह जम्हाई लेते हुए बोली, 'मुझे तो यहीं पार्क में गुजारे लायक खाने को मिल ही जाता है, तो दूर जाने की क्या जरूरत है? वो देख पार्क के कोने में जो टूटा हुआ चबूतरा है ना, उस पर लोग कितना कुछ खाने को रख जाते हैं। जब तू खाने के लिए बाहर भटकती है, तब मैं मजे से चबूतरे पर पड़ी तरह-तरह की चटपटी चीजें खाती हूं, वो भी बिना मेहनत किए।'

'हे भगवान तू वो वाला खाना खाती है! तुझे कुछ पता भी है, वह खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। एक तो वह इंसानों के घरों का बचा हुआ बासी और खराब खाना होता है। अगर खराब न भी हो तो भी इंसान हम से बिल्कुल अलग हैं, उनका खान-पान भी हमसे बहुत अलग है। इंसान ज्यादातर खाना पकाकर खाते हैं, उसमें घी, तेल, नमक, मसाले, चीनी डालते हैं। हमें कुदरत ने हमारे हिसाब से प्राकृतिक चीजें मतलब फल, सब्जी, बीज और मेवे आदि खाने के लिए दिए हैं। हमें बस इन्हें ढूंढ़ कर खाना होता है। जिसे तू बाहर भटकना कहती है, वह मेहनत है, जो शरीर और मन दोनों की सेहत और ताकत के लिए जरूरी है।' निखुरी पर चिखुरी की बात का कोई असर न हुआ, वह बड़ी लापरवाही से बोली, 'यह सब बेकार की बातें हैं। ताकत तो खाने-पीने से आती है। वह बैठे-बैठे मिल जाए तो इससे बढ़िया बात क्या?'

'तुझे तो कुछ भी समझाना बेकार है।' यह कहकर चिखुरी फुदकती हुई पार्क से बाहर निकल गई। निखुरी चबूतरे की तरफ खाना खाने चली गई।

निखुरी दिन पर दिन और आलसी होती जा रही थी। ऊपर से देखने में तो वह चिखुरी से मोटी दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत कमजोर हो गई थी। एक दिन चिखुरी जब खाना लेकर लौटी तो उसने देखा कि निखुरी टूटे हुए पेड़ के नीचे पड़ी पेट पकड़कर कराह रही है। उसे उल्टियां भी हो रही थीं। चिखुरी के पूछने पर उसने बताया, 'पेट में भयानक दर्द हो रहा है, जी मिचला रहा है।' चिखुरी के यह पूछने पर कि उसने क्या खाया तो निखुरी ने चबूतरे पर बिखरे खाने की ओर इशारा कर दिया। चिखुरी ने तुरंत वहां जाकर सारी चीजों को उलट-पलट कर देखा। वहां कुछ पिज्जा और ब्रेड के टुकड़े पड़े थे। वापस आकर वह निखुरी पर नाराज हुई, 'मुझे जिस बात का डर था, आज वही हो गया। ब्रेड पर फफूंद लगी है, जो जहरीली होती है। पिज्जा में मैदा है, जो हम गिलहरियों के लिए क्या इंसान के लिए भी हानिकारक है। फिर भी कुछ जिद्दी बच्चे ये सब खाकर अपनी सेहत खराब कर लेते हैं। एक तो तू ये खराब खाना खाती है, दूसरे कोई मेहनत नहीं करती। अब भुगत, मैं क्या करूं?' निखुरी ने चिखुरी से विनती की, 'मेरी अच्छी बहन, इस बार मुझे बचा ले। मैं वादा करती हूं, आगे से मैं वही करूंगी जो तू कहेगी।' यह कहकर निखुरी जोर-जोर से रोने लगी। चिखुरी को दया आ गई, वह बोली, 'पार्क के बाहर पेड़ पर एक गिलहरी दादी रहती हैं, उनसे बात करते हुए मुझे कुछ बातें पता चली थीं, वही तू कर। सबसे पहले तो खूब सारा पानी पी ले।' यह सलाह देकर चिखुरी जाकर सूरजमुखी के बीज लाई। उन्हें छील कर साफ पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद उसने धूप से गर्म हुए पीपल के पत्ते निखुरी के पेट पर रख दिए फिर भाग कर सौंफ के पत्ते और नरम-नरम शहतूत ले आई और निखुरी से बोली, 'जब तक तबियत ठीक न हो जाए, तब तक पानी ही ज्यादा पीना और भूख लगे तो नरम-नरम फल ही खाना।' चिखुरी की फुर्ती और समझदारी देखकर निखुरी हैरान रह गई। उसने मन में ठान लिया, वह आगे से कभी भी चबूतरे पर पड़ा खाना नहीं खाएगी। चिखुरी की तरह मेहनत करेगी, स्वच्छ और पौष्टिक आहार लेगी।' *

कविता

पूर्ति वैभव खरे



एआई इमेज

## घर का खाना

भानु! भालू बड़ा शौकीन,
खाता रहता सारे दिन।
नहीं है घर का खाना खाता
फास्ट-फूड उसे है भाता।
एक दिन उसकी सेहत बिगड़ी,
फिर भी न खाई उसने खिचड़ी।
डॉक्टर अंकल घर पर आए,
भानु को फिर वे समझाए।
'खाते नहीं तुम घर का खाना,
होगा तुम्हें अस्पताल में जाना।
तुममें नहीं है बिल्कुल ताकत,
आई बड़ी है तुमपे आफत।
आंखों से तुम्हें कम दिखता,
पेट तुम्हारा गड़बड़ लगता।
कड़वी-तीखी दवाई मैं दूंगा,
इंजेक्शन भी तुम्हें लगाऊंगा।'
यह सुनकर भानु घबराया,
हाथ जोड़कर वह चिल्लाया।
'अब खाऊंगा घर का खाना,
मुझे नहीं अस्पताल में जाना।'
तब डॉक्टर भानु से बोले,
अच्छी सेहत के राज यूं खोले
घर का खाना सबसे उत्तम,
सेहत बढ़िया रहेगी हरदम।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़ कर बताओ।






उत्तर: 1.बच्चे के हाथ में सेब की जगह चॉकलेट है। 2.बच्चे ने स्लीपर पहना हुआ है। 3.टेबल पर पानी की बोतल की जगह कोल्ड ड्रिंक रखी है। 4.टिफिन बॉक्स का कलर और उसमें रखा फूड आइटम्स बदला हुआ है। 5.आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। 6.बच्चे का चेहरा उदास दिख रहा है।

## वर्ग पहेली

बच्चो, दिए गए चित्र में तुम फ्रूट्स को पहचानो और खाली ब्लॉक्स में इनकी सही स्पेलिंग के लेटर्स लिखकर इन फ्रूट्स के नाम पूरे करो।




उत्तर: ऊपर से नीचे: WATERMELON, BANANA
बाएं से दाएं: APPLE, ORANGE, PINEAPPLE

## खबर संक्षेप

### बेजुबानों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं

**सिरसा।** श्री श्याम गौरक्षा दल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कहा कि गौ की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि बेजुबानों की सेवा करने का जहां भी अवसर मिले, उसे दोनों हाथों से स्वीकारते हुए निःस्वार्थ भाव से सहयोग करें। कथावाचक ने कहा कि सेवा का अवसर भी भगवान उसी को देते हैं, जो सेवा को भली भांति कर सकता है। जैन ने कहा कि उनके दोनों गुर्दे खराब हो चुके थे और वो डायलासिस पर आ चुके थे।

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा काबू

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित आरोपी को काबू किया है। स्टाफ प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी करण सिंह को बीती 12 मई 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

### नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ पर हुआ सुखमणी साहिब पाठ

**ओढां।** माता हरकी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओढ़ा में नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्री सुखमणी साहिब के पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और शांति का संचार हुआ। माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान की प्रबंध निदेशक डॉ. कुलदीप कौर, समस्त शिक्षकगण, ट्रांसपोर्टर तथा सभी विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

### नाबालिग को बहलाकर ले जाने पर आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में अवगत कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री रात करीब 11 बजे बिना बताए घर से चली गई। परिजनों को आशंका थी कि उक्त लडक़ी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

### विधायक ने मंडी में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**हिसार।** नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने गुरुवार को हिसार अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीद प्रक्रिया, किसानों की सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शेड की स्थिति तथा फसल उठान व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल की खरीद समय पर हो तथा भुगतान प्रक्रिया में भी किसी प्रकार की देरी न हो।

## हनुमान जन्मोत्सव पर शहरभर में उमड़ा आस्था का सैलाब

# बालाजी महाराज के दर्शनों के लिए मंदिरों में सुबह से लगी लंबी कतारें

- स्वर्ण 'शृंगार, पूजन-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों से गूंजा माहौल
- विशाल भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। सिरसा में हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर धाम मंदिर में बालाजी महाराज के दर्शन करते श्रद्धालु।

चैत्र मास की पूर्णिमा पर बृहस्पतिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्री बालाजी महाराज के दर्शनों को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिलाभर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य आयोजन लालबत्ती चौक स्थित श्री सालासर धाम मंदिर में हुआ। इसके अलावा श्री श्याम बगीची धाम, गोशाला मोहल्ला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, रानियां रोड स्थित वानरों वाला हनुमान मंदिर, सर्राफों का मंदिर, खजांचियान मंदिर, अग्रसेन कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, खैरपुर स्थित हनुमान मंदिर, प्रेमनगर स्थित हनुमान मंदिर, चतरगढ़पट्टी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, गली गोलछा वाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर, रानियां रोड स्थित वानरों वाला मंदिर सहित हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर घर में सुख समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति ने बताया गया कि प्रातः 5.00 बजे मंगल गान एवं शहनाई वादन के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इसके उपरांत देहली पूजन, गणेश पूजन तथा भव्य श्रृंगार आरती संपन्न की गई। सुबह 6.30 बजे बाला जी महाराज के स्वर्णमयी आभूषणों का अनावरण किया गया। विभिन्न भक्त परिवारों द्वारा स्वर्ण चोला अर्पण, चरण पादुका अर्पण, सुंदरकांड के चित्रों का अनावरण तथा स्वर्ण छत्र व माला समर्पण जैसे धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा भाव से आयोजित किए गए। सुबह 11.30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहर के आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु हाथ में ध्वजा लेकर पैदल बाबा के दर्शनों के लिए पहुंचे और मंदिर में बाबा के समक्ष नतमस्तक होकर पूजा अर्चना की।

### हनुमान जयंती पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**रतिया।** शक्ति नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर धार्मिक श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारी पंडित कपिल कृष्ण जी ने विधि-विधान से पूजन संपन्न करवाया। उन्होंने श्री सुंदरकांड पाठ का सस्वर गायन करते हुए उपस्थित भक्तों को हनुमान जी की महिमा और सुंदरकांड की कथा विस्तार से सुनाई। पंडित जी ने बताया कि सुंदरकांड का पाठ न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि जीवन के सभी संकटों को दूर करने में भी सहायक है। इस धार्मिक आयोजन में मंदिर सभा के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश सेतिया प्रधान राधा कृष्ण मंदिर, बॉबी मिढा, अंशुल बत्रा, हिमांशु चावला, देसराज, पारस तनेजा, हर्ष, ध्रुव, मंदिर महिला मंडल की सदस्याएं एवं



अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत हनुमान जी की आरती की गई। इसके बाद मंदिर प्रबंधन द्वारा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।


फतेहाबाद। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन में भाग लेते

# राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में हवन-यज्ञ का आयोजन

## नए शैक्षणिक सत्र का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फतेहाबाद में नए शैक्षणिक सत्र के आगाज और प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना और विद्यालय के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। यज्ञ का संचालन विद्वान डॉ. सुदामा शास्त्री एवं अनुराधा शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने चारों वेदों के पावन मंत्रों के साथ आहुतियां डलवाकर अनुष्ठान संपन्न करवाया। विद्यालय के प्राचार्य हरविंद्र सिंह यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। इस दौरान स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने यज्ञ कुंड में आहुतियां डालकर नए सत्र की सफलता के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य हरविंद्र सिंह ने शिक्षक की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, शिक्षक उस मोमबत्ती की तरह होता है जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन से अज्ञान रूपी अंधेरे को दूर करता है और ज्ञान का प्रकाश फैलाता है।

### छात्रों को किया प्रेरित

अध्यापक ही वे शिल्पकार हैं जो छात्रों के भविष्य को सही आकार प्रदान करते हैं। नए सत्र के पहले दिन स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हवन के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ और शिक्षकों ने छात्रों को नए संकल्प के साथ पढ़ाई शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन ने न केवल शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को यादगार बनाया, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति भी चेतना जागृत की।

उन्होंने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा निवेश बताते हुए कहा कि विद्या का दान 'महादान' है और समाज के हर जागरूक व्यक्ति को दूसरों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाना चाहिए। प्राचार्य ने एक सुंदर उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार ताजमहल की असली सुंदरता केवल उसके संगमरमर के पत्थरों में नहीं, बल्कि उसके भीतर की गई बारीक शिल्पकला और चित्रकारी में निहित है, ठीक उसी प्रकार किसी भी विद्यालय की वास्तविक पहचान और खूबसूरती वहां के अध्यापकों की मेहनत, लगन और उनके ज्ञान से होती है।

# 'एक शाम खाटूवाले के नाम' कार्यक्रम 6 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री श्याम सांवरिया सेठ सेवा मंडल, फतेहाबाद के तत्वावधान में 6 अप्रैल को 'एक शाम खाटूवाले के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय श्री श्याम संकीर्तन कार्यक्रम गीता धर्मशाला, भट्टू रोड, फतेहाबाद में आयोजित होगा, जिसमें शहर के कई प्रसिद्ध कलाकार बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। आयोजकों के अनुसार इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और आस्था का विशेष वातावरण तैयार किया जाएगा। संकीर्तन के दौरान भजन-संध्या का आयोजन होगा, जिसमें कलाकार अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। इस अवसर पर सन्नी सेठी, धीरज लाडला, सावन अवधेश, ख्वाइश कपूर, मुस्कान सोनी, नक्श लाडला, भारत टूटेजा और वंश सहित अन्य कलाकार बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में शहर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे और पूरा वातावरण श्याम भक्ति से ओतप्रोत रहेगा।

# हवन-यज्ञ से गूंजा विद्यालय परिसर

- डीएवी पुलिस स्कूल में वैदिक परंपरा के साथ नव सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप भव्य हवन यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण की पवित्र ध्वनि के बीच हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य शास्त्री के सान्निध्य में विधिपूर्वक हवन यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ में विद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं नव-नियुक्त शिक्षकों को यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।


फतेहाबाद। हवन में भाग लेते विद्यार्थी।

### लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहने का संदेश दिया

प्राचार्या अमिता सिंह ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र केवल कक्षाओं का प्रारंभ नहीं, बल्कि नए सपनों, नई आशाओं और नई उपलब्धियों की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूर्ण श्रद्धा एवं उत्साह के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित की और वेद मंत्रों के उच्चारण में भाग लिया।

### हेरोइन बरामदगी के दो आरोपी सप्लायर दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने अलग-अलग जगहों से हेरोइन बरामदगी मामले में दो सप्लायर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सविल लाइन थाना प्रभारी बताया कि बीती 23 मार्च को एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान प्रेम नगर सिरसा क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 35 ग्राम 36 मिलीग्राम हेरोइन बरामद कर पूछताछ की तो उसने बताया कि उक्त हेरोइन सागर निवासी सरदुलगढ़, मानसा पंजाब से लेकर आया था। उन्होंने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच सिविल लाइन थाना पुलिस को सौंपी गई थी।

*श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में हुआ सत्संग*

# मन में आई मैल स्वयं ही धोनी होगी : स्वामी दिव्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित हनुमान जयन्ती सत्संग महोत्सव में स्वामी दिव्यानन्द महाराज ने कहा कि हनुमान उपासना से प्राप्त राम रसायन हमारे तन-मन और भावनाओं को पवित्र और पुष्ट बनाता है। हनुमान चालीसा को गोस्वामी जी ने कोई कविता के रूप में नहीं लिख डाला। विशेष विकृत्त वातावरण में जो अवस्था द्वारा अहंकार निर्मित हो गई थी, अकबर ने कारागृह में डाल दिया था। तब एक प्रार्थना के रूप में यह ग्रन्थ निर्मित हुआ 'छूटहि बन्दि महा सुख होई।' स्वामी जी ने कहा कि वानर जाति होती है, बन्दर अर्थ भूल जायें। मां अंजना द्वारा पुत्र प्राप्ति हेतु तप हुआ, मुनि मतंग ने पूछा—कैसा पुत्र चाहिये। अंजना बोलीं जो प्रभु भक्त हो, राष्ट्र रक्षक, गौरक्षक तथा लोक मंगल के लिये तत्पर हो। ऋषि बोले, तब तो वह हर दृष्टि से बलवान होना होगा। तो तुम्हें वायु उपासना करनी होगी। दक्षिण में व्यंकटेश पर्वत पर पति संग तप, जबकि अंजना शिवोपासक थी, ऋषि ने भी शिव आज्ञा से यह बात बताई थी।


फतेहाबाद। प्रवचन करते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

### नांदेड़ की निःशुल्क यात्रा के लिए करें 15 तक करे पंजीकरण

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब (नांदेड़) की निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिला के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है तथा पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, वे 15 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि इस पवित्र यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को विशेष रेलगाड़ी के माध्यम से भेजा जाएगा।

# चीन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में चमके फतेहाबाद के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चीन में 24 से 30 मार्च तक आयोजित 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल कर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला पुलिस के उन पुलिसकर्मियों के बच्चों को बधाई दी, जिन्होंने यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। एसपी ने बताया कि बोधिधर्मा स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ी अन्नू 48 किलोग्राम महिला वर्ग तथा गौतम 48 किलोग्राम पुरुष वर्ग, जो पुलिसकर्मी के बच्चे हैं, ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे पुलिस विभाग में गर्व का माहौल है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने दोनों खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे पुलिस विभाग के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से ही इस प्रकार की सफलता हासिल की जा सकती है।


फतेहाबाद। विजेताओं को बधाई देते एसपी सिद्धांत जैन।

# ज्ञान भारतम मिशन, डीसी ने जिला स्तर पर सर्वे, मॉनिटरिंग व समन्वय के दिए निर्देश

- राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और राज्यभर में एक व्यापक डाटाबेस तैयार करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और सभी संबंधित संस्थानों की पहचान सुनिश्चित की जाए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जिला अधिकारियों से कहा कि जिला स्तर पर सर्वे कार्य को गंभीरता से लेते हुए पुस्तकालयों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों तथा निजी संग्रहों में मौजूद पांडुलिपियों की पहचान की जाए।

### निर्धारित मानकों के अनुरूप करें कार्य

उन्होंने फील्ड सर्वे, भौतिक सत्यापन और जियो-टैगिंग कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय समिति के माध्यम से कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी, ताकि मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। डीसी ने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जन-जागरूकता बेहद आवश्यक है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में सीटीएम गौरव गुप्ता, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीआईओ सिकंदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमएम कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में दी महत्वपूर्ण जानकारी

# इंफॉर्मेशन लिटरेसी प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने सीखे नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम' के छठे दिन का सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मुख्य पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजीव पटेरिया ने शिरकत की। उनके साथ एचएयू हिसार की डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. सीमा परमार ने विशिष्ट वक्ता के तौर पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत में पुस्तकालय अध्यक्ष एवं कार्यशाला की संयोजिका डॉ. संध्या अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। उन्होंने पिछले पांच दिनों की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कार्यशाला को लेकर विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। विद्यार्थी न केवल तकनीक सीख रहे हैं, बल्कि शोध और सूचना प्रबंधन के नए आयामों से भी परिचित हो रहे हैं। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव पटेरिया ने 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के सूचना विस्फोट के युग में हर जगह जानकारी उपलब्ध है, लेकिन वह कितनी सटीक है, यह पहचानना चुनौतीपूर्ण है।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल व विद्यार्थी।

### पेटेंट की कानूनी जानकारी की साझा

विशिष्ट वक्ता डॉ. सीमा परमार ने 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक रचनाकार अपनी रचनात्मकता और मेहनत को कानूनी सुरक्षा प्रदान कर सकता है। उन्होंने कॉपीराइट और ट्रेडमार्क बारे बताया कि कैसे अपनी बौद्धिक संपत्ति को चोरी होने से बचाने के लिए इनका उपयोग करें। नए आविष्कारों को सुरक्षित करने की पेटेंट प्रक्रिया क्या है। । इस अवसर पर पुस्तकालय विभाग से प्रो. रमनदीप कौर, संदीप कुमार, डॉ. रमनदीप सिंह, एसएस मल्होत्रा सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भविप रतिया की बैठक में नई कार्यकारिणी मनोनीत

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक शाखा संरक्षक डॉ. नरेश गोयल के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में नए सत्र के लिए अध्यक्ष, सचिव एवं वित्त सचिव के पदों हेतु मनोनयन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांतीय संगठन सचिव रविन्द्र मेहता एवं जिला फतेहाबाद के जिला सह-समन्वयक साहिल चिलाना उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में शाखा रतिया के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु राज कुमार सिंगला को अध्यक्ष, लोकेश खुराना को सचिव तथा सौरव गोयल को वित्त सचिव के रूप में मनोनीत किया गया।

### सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आढ़तियों की बैठक

**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन की वीरवार को आगामी फसली सीजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। बैठक में मंडी प्रधान प्रेम बजाज ने विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रधान प्रेम बजाज ने बताया कि सिरसा मंडी की कई फर्में फ्रॉड कर चुकी हैं, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में आगामी सीजन के दौरान मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक राइडर्स की नियुक्ति और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि मंडी का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरा सहयोग देगा।

### अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन शुरू

**सिरसा।** अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को बढ़ाते हुए 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। पहले आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से 2 अप्रैल 2026 तक थी। अब इसे बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 तक किया गया है। भर्ती निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रति आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपए का भुगतान करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार उनके योग्यता के अनुसार दो अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष भी दिया गया है। अग्निवीर श्रेणी में प्राथमिकता का विकल्प है जिसको उम्मीदवार ने आवेदन करते समय चुनाव करना है।

### त्रिवेणी बाबा ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**सिरसा।** देशभर में करीब 5 लाख त्रिवेणी लगाने वाले त्रिवेणी बाबा वीरवार को बाबा भूमण शाह डेरा संगर सरिस्तां पहुंचे। उन्होंने डेरा परिसर में डेरा प्रमुख बाबा ब्रह्मदास के साथ त्रिवेणी लगाई। साथ ही संगत को पर्यावरण बचाने में त्रिवेणी का महत्व बताते हुए पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। डेरा प्रमुख बाबा ब्रह्मदास ने उन्हें उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर त्रिवेणी बाबा ने बताया कि पूरी दुनिया पर्यावरण प्रदूषण से त्रास्द है। इस प्रदूषण को खत्म करने या प्रहार करने में बरगद या त्रिवेणी ही कारगर है। सभी धर्मों में सर्वोपरि है कि पृथ्वी को बचाना। धर्म बाद में पहले पृथ्वी को बचाना है।

### भाजपा स्थापना दिवस के लिए तैयारी: यतींद्र सिंह

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतीद्र सिंह ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों की जो रूपरेखा तैयार की गई है, वह अत्यंत प्रभावशाली और जनसंपर्क को मजबूत करने वाली है। उन्होंने कहा कि आगामी 6 अप्रेल को भाजपा का 47वां स्थापना दिवस बूथ स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। 7 से 12 अप्रेल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मोदी सरकार और नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता से सीधा संवाद करेंगे। आगामी14 अप्रेल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव का आयोजन होगा तथा आगाी 15 अप्रेल से 15 मई तक सभी जिलों में 36 घंटों का महाप्रशिक्षण अभियान चलाया जाएगा।

## चेयरमैन विनीत गर्ग ने फतेहाबाद जिला की रतिया अनाज मंडी का निरीक्षण किया

# मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण व ट्रैकिंग कर सकते हैं किसान : विनीत

- सिानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अनाज मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए एसीएस एवं हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चेयरमैन विनीत गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

जिला के प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नियुक्त एसीएस एवं हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चेयरमैन विनीत गर्ग ने फतेहाबाद जिला की रतिया अनाज मंडी का निरीक्षण करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए उचित प्रबंध हरियाणा सरकार की ओर से किए गए हैं। एसीएस ने फतेहाबाद के लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला में गेहूं और अन्य रबी फसलों की खरीद को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की फसल का भुगतान निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। साथ ही फसल उठान भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रतिया मंडी के निरीक्षण के दौरान किसानों, आढ़तियों व अन्य संबंधित हितधारकों से बातचीत कर मंडी में खरीद प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान एसीएस विनीत गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और फसल खरीद प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी व समयबद्ध बनाने के लिए हर स्तर पर प्रबंध किए जा रहे हैं। सरकार हर वर्ष की तरह इस बार भी किसानों के लिए हर संभव सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है और खरीद प्रणाली पर बारीकी से निगरानी रखी जा रही है। एसीएस विनीत गर्ग ने मुख्यमंत्री के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और गेहूं खरीद के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किया जाएगा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है, जिससे किसान अपनी फसल का पंजीकरण व ट्रैकिंग कर सकते हैं।

### मंडियों में सीसीटीवी व बायोमेट्रिक सिस्टम

*एसीएस ने बताया कि मंडियों में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटे, किसान सुविधा केंद्र, अटल किसान कैंटीन के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे और बायोमेट्रिक डिवाइस भी लगाए गए हैं। इससे खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। एसीएस ने किसान, आढ़ती व मंडी समिति सहित सभी पक्षों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह एक साझा व्यवस्था है, जिसे सभी के समन्वय से सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि निरंतर फीडबैक और सुधारों के माध्यम से फसल खरीद प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। किसानो, मजदूरों और आढ़तियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।*

### जिला में खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध : डीसी

एसीएस के समक्ष डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जिला में रबी फसल खरीद को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पुख्ता किए गए हैं। मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली और बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। डीसी ने बताया कि फसल खरीद, उठान व भंडारण के लिए विभिन्न एजेंसियों व प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लगातार निगरानी कर रहे हैं। किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में कमेटी और खरीद एजेंसियों के कर्मचारी तैनात हैं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी मौके पर उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, आरटीए सचिव संजय बिश्नोई, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीएफएससी कुशल बूरा, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह, जीएम हेफेड मांगेराम बैनीवाल, डीएमईओ राहुल कुंडू, चेयरमैन राम कुमार मेहता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने जब्त किए आठ गैस सिलेंडर



**सिरसा।** घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने की दिशा में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा लगातार जांच व छापेमारी की जा रही है। वीरवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने एक सूचना के आधार पर डबवाली रोड स्थित एक किरयाणा स्टोर से 8 गैस सिलेंडर जब्त किए। जिनमें दो भरे हुए और 6 खाली थे। टीम ने सभी सिलेंडर जब्त कर लिए। जानकारी के अनुसार जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले नियंत्रक हरवीर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि डबवाली रोड स्थित अमर करियाणा स्टोर पर गैस की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई, जिसमें सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राहुल कुमार, निरीक्षक भूपेश गोयल और निरीक्षक आनंद शर्मा शामिल किए गए। टीम ने किरयाणा स्टोर की औचक जांच की और मौके पर दो भरे हुए और छह खाली सिलेंडर बरामद किए। टीम ने जब दुकानदार अमरनाथ को सिलेंडरों बारे एलपीजी कापियां दिखाने को कहा गया तो उसने कहा कि कापी नहीं है, जिस पर विभागीय टीम ने सिलेंडरों को जब्त कर लिया है और दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### क्रेसंट स्कूल में हवन के साथ नव सत्र का शुभारंभ



**फतेहाबाद।** नए शैक्षणिक सत्र के पावन आरंभ पर क्रेसण्ट स्कूल में हवन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूर्णतः शुद्ध, शांत एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत था। चारों ओर वेद मंत्रों की गूंज एवं हवन की पवित्र अग्नि से निकलती सुगंध ने पूरे परिसर को दिव्यता से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से हवन पूजन के साथ हुई। आचार्य द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रों के साथ सभी उपस्थित जनों ने आहुति देकर ईश्वर से नए सत्र की सफलता, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बड़ी ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव से यज्ञ में भाग लिया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्या रितु सिंधु की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। हवन की पवित्र अग्नि एवं मंत्रोच्चारण से उत्पन्न दिव्य वातावरण ने सभी के मन को शांति एवं ऊर्जा से भर दिया। अंत में, सभी ने मिलकर प्रार्थना की कि यह नया सत्र सभी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, सफलता एवं उज्ज्वल भविष्य लेकर आए।



**ओढ़ां।** प्रवेशोत्सव में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यालय में 25 नए विद्यार्थियों का हुआ नामांकन

**ओढ़ां।** पीएम श्री स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी अमनपाल गोदारा तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के प्रतिनिधि सुभाष कुमार थे। इस अवसर पर विद्यालय में कुल 25 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों का उप जिला शिक्षा अधिकारी व बीडीपीओ प्रतिनिधि द्वारा स्वागत किया गया ओर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर उच्चाधिकारियों ने सभी अध्यापकों को घर घर पाकर सर्वे कर बच्चों का नामांकन बढाने के लिए निर्देशित किया तयां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान सुखदेव सिंह ने भी अपने विचार अभिभावकों व छात्रों के समक्ष रखे। प्राचार्य विक्रमजीत ने सभी आगन्तुकों का विद्यालय में पधारने पर धन्यवाद किया। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय के पीएम श्री बनने तथा सीबीएसई से सम्बद्ध होने पर विद्यार्थियों की सुविधाओं व शैक्षणिक व्यवस्ता में होने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी तथा सभी से अधिक से अधिक नामांकन कराने की अपील की।

# फतेहाबाद में साइकलिंग खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज, तैयारी पूरी

### खिलाड़ियों को मिलेगी मासिक छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से संचालित खेल नर्सरी योजना के तहत फतेहाबाद में साइकलिंग नर्सरी के लिए खिलाडियों का चयन किया जाएगा। लडक़े और लड़कियों दोनों वर्गों के लिए आयोजित होने वाले ये ट्रायल 3 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किए जाएंगे। खेल प्रशिक्षक मनदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित खिलाडिय़ों को हरियाणा सरकार की ओर से प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसमें 15 वर्ष से कम आयु के खिलाडिय़ों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष तक की आयु के खिलाडिय़ों को 2000 रुपये प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खिलाडिय़ों के डाइट और प्रशिक्षण के खर्च में मदद करना है। उन्होंने बताया कि साइकलिंग ट्रायल के लिए इच्छुक खिलाड़ी 3 अप्रैल को शाम 4 बजे धांगड़ स्थित पीएम श्री स्कूल के खेल मैदान में रिपोर्ट कर सकते हैं। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाडिय़ों की आयु 10 वर्ष से 19 वर्ष के बीच होनी अनिवार्य है। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाडिय़ों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, बैंक अकाउंट की कॉपी और चार पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों के सत्यापन के बिना चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

### दिव्यांग श्रमिकों को मिलेगी तिपहिया साइकिल

**सिरसा।** हरियाणा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। विशेष रूप से दिव्यांग श्रमिकों के लिए विभाग ने कई महत्वपूर्ण सहायता योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं के तहत पंजीकृत श्रमिकों को तिपहिया साइकिल खरीदने के लिए 7,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनकी आवाजाही आसान हो सके और वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकें। इसके अलावा, श्रवण बाधित श्रमिकों के लिए श्रम विभाग द्वारा 10 हजार रुपए तक की सहायता श्रवण मशीन खरीदने के लिए दिए जाते हैं। वहीं, जिन श्रमिकों को कृत्रिम अंग (प्रोस्थेटिक) की आवश्यकता होती है, उनके लिए भी विशेष योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पंचकूला स्थित साकेत अस्पताल द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, ताकि जरूरतमंद श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।



### एडवोकेट बहादुर सिंह ने जीता रजत पदक

**डबवाली।** डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल ने अधिवक्ता बहादुर सिंह चौटाला को नेशनल वैटरन एथलेटिक चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता बहादुर सिंह चौटाला ने बीती 14 से 16 मार्च को गुरु काशी विश्वविद्यालय तलवंडी साबो बठिंडा में आयोजित 40 वर्ष से अधिक आयु के वैटरन ग्रुप में 400 मीटर रिले दौड़ में सिल्वर मेडल हासिल किया था। अहम बात यह रही कि अधिवक्ता बहादुर सिंह चौटाला ने इस रिले दौड़ में 1.10 सेकंड का रिकॉर्ड समय लिया। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक आदित्य देवीलाल ने उन्हें डबवाली स्थित महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में आयोजित उड़ान-2026 नामक कार्यक्रम में सम्मानित किया। अधिवक्ता बहादुर सिंह चौटाला की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक डॉ. सीताराम, माता हरकीदेवी महिला कॉलेज समिति के चेयरमैन मंदर सिंह ओढां, नगरपरिषद डबवाली के चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, राजेंद्र जाखड़, संदीप चौधरी व एडवोकेट कुलदीप सिंह सिद्धू ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

### प्रवेशोत्सव पर विद्यालय में हुआ हवन यज्ञ

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर में वीरवार को प्रवेशोत्सव पर भव्य कार्यक्रम हुआ। इस प्रिंसिपल आशा रानी के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण में विधिवत हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अशोक कुमार मुख्यातिथि थे। उन्होंने हवन में आहुति डालकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रार्चाया आशा रानी ने बताया कि इस हवन का उद्देश्य विद्यालय में सकारात्मक, शांतिपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक वातावरण का निर्माण करना है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसे आध्यात्मिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास हो और वे अनुशासित नागरिक बन सकें। विद्यालय का लक्ष्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा एवं संस्कारों को भी सुदृढ़ करना है। प्रबंधन समिति द्वारा भी इस पहल की सराहना की गई। अंत में सभी ने मिलकर विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद था।

### मंडी में बायोमेट्रिक नियम किसान विरोधी

**डबवाली।** हरियाणा सरकार द्वारा मंडियों में फसल बेचने के लिए लागू किए गए बायोमेट्रिक, ट्रैक्टर नंबर प्लेट और फोटो जैसे नए नियमों को लेकर विवाद गहरा गया है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के लीगल एडवाइजर व किसान नेता एडवोकेट खुशदीप सिंह सरां ने इन नियमों को पूरी तरह अवैध, असंवैधानिक और किसान विरोधी करार दिया है। जारी बयान में सरां ने कहा कि इन नियमों से संबंधित कोई विधिवत नोटिफिकेशन गजट में प्रकाशित नहीं किया गया है, जिससे साफ है कि इन्हें बिना कानूनी आधार के लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसे किसानों के मौलिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के खिलाफ है और कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार कर जारी किया गया तुगलकी फरमान है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर भी ये नियम पूरी तरह अव्यावहारिक हैं। अधिकांश किसान अपनी फसल एक से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लाते हैं या पड़ोसियों के साधनों का भी सहारा लेते हैं। ऐसे में हर बार बायोमेट्रिक और वाहन की अनिवार्यता व्यवहारिक नहीं है।

# महिला से बालियां झपटने वाले दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली



**डबवाली।** छीना-झपटी के मामले में गिरफ्तार आरोपी।

पुलिस ने मंडी डबवाली क्षेत्र में महिला से स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी कपिल अहलावत ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान पंजाब के जिला मुक्तसर साहिब निवासी संदीप कुमार व सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

डीएसपी कपिल अहलावत ने बताया कि डबवाली निवासी एक महिला की शिकायत पर छीना झपटी का मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित महिला ने शिकायत में बताया कि वह बीती आठ मार्च को दुर्गा मंदिर में सुंदर कांड पाठ सुनने जा रही थी। इसी दौरान दो युवकों ने उसकी कानों की बालियां झपट ली और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को श्री मुक्तसर साहिब क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र के खिलाफ विभिन्न थाना में पांच मामले दर्ज हैं जबकि आरोपी संदीप के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

### टुकड़ों में दंपति को बंधक बनाकर की लूटपाट

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव ढुकड़ा में गोपीराम सिहाग की ढाणी में तीन नकाबपोश युवकों में दिया लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने दंपती को बंधक बनाकर मारपीट की और कमरे में बंद कर लिया। पूरे घर की तलाशी लेने के बाद लुटेरों को कुछ नहीं मिला तो गोपीराम की पत्नी के कानों की बालियां और नाक का कोका छीन कर ले गए। घटना के बाद दंपती ने पड़ोस में रहने वाले परिवार को घटना से अवगत करवाते हुए पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। गोपीराम ने बताया की वे 23 साल से ढाणी में रह रहा है। उसका बेटा हनुमानगढ़ राजस्थान में नौकरी करता है। वे दोनों खेत में बनी ढाणी में रहते हैं। गोपीराम ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उन्होंने शक जताया कि यह काम किसी नशेडिय़ों का हो सकता है, क्योंकि इलाके में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही है और सभी ढाणी वाले डर और भय के माहौल में जी रहे हैं।



**चोपटा।** घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

# सीडीएलयू का 24वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया




**सिरसा।** सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए।


हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के युवा कल्याण निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालय का 24वां स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के सभागार में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व कुलपति पत्रकारिता यूनिवर्सिटी भोपाल एवं वर्तमान में भारतीय चित्र साधना के अध्यक्ष प्रोफेसर बृजकिशोर कुठियाला उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि परिवर्तन जीवन का अभिन्न अंग है और शिक्षा संस्थानों को समय के साथ स्वयं को निरंतर विकसित करते रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं को भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री जननायक देवीलाल जिनके नाम से विश्वविद्यालय का नामकरण है, उनके जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**कवायद** | अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और नागरिकों को स्वयं अपनी गणना करने के लिए प्रेरित करें

# जनगणना 2027 : स्व-गणना के लिए 16 अप्रैल से खुलेगा पोर्टल, सेल्फ-एन्यूमरेशन के लिए चलेगा महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जनगणना को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते डीसी।

जनगणना को लेकर 16 अप्रैल से स्व-गणना के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला जाएगा, जिस पर नागरिक पंजीकरण कर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने स्व-गणना यानि सेल्फ-एन्यूमरेशन के अधिकतम प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और नागरिकों को स्वयं अपनी गणना करने के लिए प्रेरित करें।

डीसी ने कहा कि जनगणना से जनकल्याण की थीम के तहत इस बार जनगणना-2027 पूरी तरह डिजिटल प्रणाली से आयोजित की जाएगी, इसलिए स्व-गणना के विकल्प को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता और प्रचार-प्रसार बेहद आवश्यक है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव, वार्ड स्तर और विभागीय माध्यमों से इस सुविधा का अधिकतम प्रचार करें, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। डीसी ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और लोगों को स्व-गणना के लाभों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि विभागीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय स्तर के प्रभावशाली व्यक्तियों को भी इस अभियान से जोडक़र स्व-गणना को जन आंदोलन का रूप दिया जाए।

### जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी

पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई 2026 तक तथा दूसरा चरण जनसंख्या गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगा। इस बार नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक सेल्फ-एन्यूमरेशन का विकल्प मिलेगा, जिसके तहत वे ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जानकारी सबमिट करने पर उन्हें एसएमएस व ई-मेल के जरिए एक यूनिक सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसके बाद गणनाकर्मी केवल मौके पर पहुंचकर जानकारी का सत्यापन करेंगे। डीसी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित होगी और गणनाकर्मी विशेष हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप का उपयोग करेंगे, जो ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा और नेटवर्क उपलब्ध होते ही डाटा स्वतः सिंक्रोनाइज हो जाएगा। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में भी कार्य प्रभावित नहीं होगा।